भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


# भीलवाड़ा फोकस


DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 157 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार ,25 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## फोकस इम्पैक्टः गोपालपुरा टोल प्लाजा फर्जीवाड़े के बाद जल्दबाजी में एक कर्मी पर मामला दर्ज, कई सवाल उठे





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

**पीरू मंसूरी** त्रिवेणी-जहाजपुर स्टेट हाइवे पर स्थित गोपालपुरा टोल प्लाजा पर फास्टैग से लाखों की अवैध ऑनलाइन वसूली का बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद भीलवाड़ा फोकस की खबर का तुरंत असर देखने को मिला। फोकस द्वारा किए गए खुलासे और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में सामने आए तथ्यों के बाद टोल कंपनी और पुलिस हरकत में आई और जल्दबाजी में सिर्फ एक टोल कर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया। जबकि फर्जीवाड़े में पूरा सिस्टम सवालों के घेरे में है। घटना के अनुसार 18 से 20 नवंबर के बीच


गोपालपुरा टोल प्लाज़ा में बड़ा फर्जीवाड़ा! हजारों वाहनों का टोल बिना गुजरे ही काटा, 24 घंटे में 3.27 लाख की ऑनलाइन वसूली उजागर

टोल प्लाजा की बंद पड़ी केबिन संख्या 1 का सिस्टम चालू कर बिना वाहनों के गुजरे ही 535 भारी वाहनों के फास्टैग नंबरों से 580-580 रुपए के हिसाब से कुल 3,27,705 रुपए की ऑनलाइन वसूली की गई। भीलवाड़ा फोकस की पड़ताल में सामने आया कि 24 घंटे में इतने बड़े स्तर पर फास्टैग कटे, लेकिन टोल के सीसीटीवी कैमरों में एक भी वाहन टोल से गुजरता हुआ दिखाई नहीं दिया। इसी खुलासे के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ा।

फोकस की खबर सामने आने के बाद टोल प्लाज़ा संचालित करने वाली कंपनी के लेखाकार हनुमान गुर्जर ने माण्डलगढ़ थाने में टोलकर्मी खेमराज गुर्जर के खिलाफ रिपोर्ट दी कि उसने बंद केबिन को खोलकर फर्जी ऑनलाइन एंट्री कर लाखों रुपए का टैक्स वसूला। पुलिस ने लेखाकार की रिपोर्ट मिलते ही बिना किसी देरी के आरोपी खेमराज गुर्जर के खिलाफ धारा 318(4) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हालांकि इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि टोल कंपनी के बैंक खाते में जमा हुई अवैध राशि के बावजूद रिपोर्ट सिर्फ एक टोलकर्मी पर क्यों दी गई? कंपनी, सुपरवाइजर, सिस्टम ऑपरेटर और मैनेजमेंट की भूमिका की जांच क्यों नहीं हुई? रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि कंपनी को फर्जीवाड़े की जानकारी 20 नवंबर को हो गई थी, लेकिन पुलिस में रिपोर्ट 23 नवंबर को ही दर्ज कराई गई, जिससे मामला दर्ज करने की जल्दबाजी और टोल कंपनी के बचाव के प्रयासों को लेकर संदेह और गहरे हो गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार फास्टैग कटने की प्रक्रिया अकेले किसी एक टोलकर्मी द्वारा संभव नहीं होती, क्योंकि इसके लिए सर्वर एक्सेस, बंद केबिन का सिस्टम एक्टिवेशन, कैमरा निगरानी और मैनेजमेंट की अनुमतियाँ जरूरी होती हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा केवल एक कर्मी पर मामला दर्ज कर देना टोल प्रबंधन और पुलिस कार्यप्रणाली दोनों पर सवाल खड़े करता है ? इस संबंध में थानाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी कई महत्वपूर्ण पहलू बाकी हैं जिनकी वस्तुनिष्ठ जाँच के बाद ही पूरा सच सामने आएगा।

## फूलियाकलां में सुनसान जगह पर मिला नवजात भ्रूण

**पुलिस ने पोस्टमार्टम कर कराया अंतिम संस्कार, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी**



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**(मूलचंद पेसवानी)।** फूलियाकला कस्बे में सोमवार को उस समय खौफ और सनसनी फैल गई, जब कीर मोहल्ले के एक सुनसान हिस्से में नवजात भ्रूण पड़ा मिला। राहगीरों ने पहले तो इसे देखकर सन्नाटा साध लिया, फिर तुरंत पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में फूलियाकला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई।

थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि भ्रूण को कब्जे में लेकर अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार भी करवाया।

**हर एंगल से जांच शुरू सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लोगों से पूछताछ जारी**

घटना बेहद संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने तुरंत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। साथ ही मोहल्ले के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है कि किसने भ्रूण को यहां छोड़ा और इसके पीछे क्या परिस्थितियां थीं। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह मामला किसी बड़े अपराध से जुड़ा है,या किसी ने डर, सामाजिक दबाव या मजबूरी के कारण ऐसा किया है।थानाधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी पुष्टि की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले पर स्पष्टता आने की उम्मीद है।

**कस्बे में आक्रोश और चिंता पहली बार सामने आई ऐसी घटना**

स्थानीय लोग इस घटना से बेहद स्तब्ध हैं। फूलियाकला में पहली बार इस तरह का मामला सामने आया है। लोगों का कहना है कि समाज में भ्रूण हत्या जैसे अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून और जागरूकता दोनों की जरूरत है।

**पुलिस ने जांच कि शुरू , जल्द सामने आएगी सच्चाई**

फूलियाकला थाना पुलिस प्रकरण में त्वरित जांच कर रही है। पूरी उम्मीद है कि जल्द ही घटना के पीछे की सच्चाई सामने आएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## राजस्थान में सड़क हादसों का बढ़ता संकट, गहलोत ने जताई गहरी चिंता, सरकार से तत्काल कड़े कदम उठाने की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं ने स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया है। रोजाना 10-15 लोगों की मौत होने वाली इन घटनाओं पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सड़क हादसों की खबरें अब मन को विचलित करने लगी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट जारी कर लिखा कि इन दर्दनाक दुर्घटनाओं में कई बार पूरे परिवार तबाह हो जाते हैं, जिससे मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तीनों स्तरों पर अपूरणीय क्षति होती है। गहलोत ने याद दिलाया कि सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट भी इसे राष्ट्रीय संकट मान चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भजनलाल सरकार से अपील की कि सड़क सुरक्षा को पूरी गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट मजबूत करना, ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग पर सख्ती, तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई जैसी व्यवस्थाएं तत्काल लागू हों। गहलोत ने आम जनता से भी नियमों का पालन



करने, तेज रफ्तार से बचने, हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने तथा मोबाइल फोन का उपयोग न करने की भावुक अपील की। गहलोत ने कहा एक पल की लापरवाही पूरी जिंदगी छीन लेती है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। खासकर जयपुर, जोधपुर, सीकर, उदयपुर, नागौर और अलवर में हादसों की संख्या चिंताजनक है। अधिकांश दुर्घटनाओं का मुख्य कारण तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग, शराब पीकर ड्राइविंग और खराब सड़क डिजाइन बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि हाईवे पर सीसीटीवी व रडार बढ़ाने, ट्रैफिक पुलिस बल मजबूत करने और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को सख्त करने जैसे कदम उठाए जाएं तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

## पुलिस ने चोरी के मामले में 3 साल से फरार महिला को किया गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 साल से फरार वांछित महिला को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई। पुलिस ने बताया की थानाधिकारी बाल कृष्ण के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी , जिसने लगातार निगरानी और परंपरागत पुलिसिंग के बाद बीती 23 नवंबर को मुल्ज़िमा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला अन्ता बारा निवासी गोरा बाई पत्नी मोहन लाल मोगिया (बावरी), उम्र 37 वर्ष है । पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## भजनलाल सरकार का कानून धर्मांतरण पर कड़ा प्रहार करेगाः सुरेश सिंह रावत

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर।**

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रदेश में धर्मांतरण के मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। रावत ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में अब किसी को भी अवैध धर्मांतरण करने की छूट नहीं दी जाएगी और इस तरह के कुकृत्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लाए गए विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध कानून के तहत कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री रावत ने कहा कि अब धर्मांतरण के मामलों में कोई भी व्यक्ति या संस्था कानून से ऊपर नहीं है।

सर्किट हाउस अजमेर में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री रावत ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धर्मांतरण पर सरकार की शह थी और डोटासरा जैसे नेता अपराधियों को आश्रय देते थे। उन्होंने दावा किया कि अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लाए गए कानून के बाद यह खेल समाप्त हो गया है। मंत्री ने चेतावनी दी कि जबरन धर्मांतरण करने वालों की एक-एक ईंट उखाड़ी जाएगी और उन्हें जेल या राजस्थान से बाहर का रास्ता अपनाना होगा।

मंत्री रावत ने हालिया घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि लक्ष्मणगढ़ में डोटासरा के विधानसभा क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक ने छवा थाना क्षेत्र के पाटोदा गांव की दलित लड़की को बहला-फुसलाकर भगाया था। इस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस



नेताओं की ओर से ऐसे अपराधों को खुले तौर पर बढ़ावा दिया जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि नया कानून बलपूर्वक, प्रलोभन या छलपूर्वक धर्मांतरण को रोकने में सक्षम है। अब किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी पर अनुचित प्रभाव डालकर धर्मांतरण करवाने की अनुमति नहीं होगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश की जनता निश्चिंत रहे, चाहे अपराधी कितने भी ताकतवर क्यों न हों, भाजपा सरकार धर्मांतरण के मामलों में बिना समझौते के सख्त कार्रवाई करेगी।

रावत ने यह भी कहा कि जनता को कानून का भरोसा रखना चाहिए और कोई भी व्यक्ति, संगठन या दलाल जो धर्मांतरण का गोरखधंधा चलाने का प्रयास करेगा, उसे राजस्थान में कोई पनाह नहीं मिलेगी। उनका स्पष्ट संदेश था कि अब या तो जेल, या राजस्थान से बाहर का रास्ता।

मंत्री ने कांग्रेस और डोटासरा को चेताया कि उनके पुराने प्रयास अब सफल नहीं होंगे और धर्मांतरण पर कानून के सामने किसी को भी रियायत नहीं दी जाएगी।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

# जिले में अवैध खनन रोकना प्राथमिकता, डीएमएफटी से विकास व पौधारोपण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय खनिज एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अवैध खनन, निर्गमन और भंडारण पर की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की गई।

सदस्य सचिव ने चालू वित्तीय वर्ष और पिछले दो वर्षों में हुई कार्रवाई की जानकारी दी। कलेक्टर ने बजरी प्लॉटों की लंबित पर्यावरण स्वीकृतियों को शीघ्र जारी कराने हेतु संबंधित विभागों को डीओ लेटर भेजने के निर्देश दिए।

जिले में परित्यक्त खदान गड्ढों को चिन्हित कर डीएमएफटी फंड के माध्यम से विकास कार्य और पौधारोपण करने पर जोर दिया गया। वन विभाग ने खनन पट्टों के ओवरबर्डन क्षेत्र को डीएमएफटी से हराभरा बनाने का सुझाव दिया।

खनि अभियंता ने पुर क्षेत्र में अवैध माईका खनन के गड्ढों को शहर के कचरा निस्तारण हेतु उपयोग में लेने का प्रस्ताव रखा, जिससे कचरा समस्या और अवैध खनन दोनों में कमी आ सके।

कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अवैध खनन व निर्गमन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में एडीएम प्रशासन, पुलिस, परिवहन, राजस्व व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार ,वाहन बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



प्रतापनगर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने कार्रवाई प्रतापनगर थाना अधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई पुलिस ने बताया की त्रिदेव सिंह रावत निवासी आजादनगर भीलवाड़ा ने 24 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी बाइक को 20 नवंबर की शाम पन्नाधाय सर्किल के पास से अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने प्रकरण मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने आरोपी ब्रहमानंद मीणा पुत्र रामचंद्र मीणा उम्र 35 वर्ष, निवासी कोतवाली, चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली। पुलिस मामले की अग्रिम जांच में जुटी है ।

# खेत में रखवाली के दौरान जहरीले जंतु के काटने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र में रविवार रात को खेत में फसल की रखवाली करने गए किसान की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। हैड कांस्टेबल सियाराम मीणा ने बताया कि जौधपुरा निवासी देवीलाल मीणा (55) पुत्र उदाराम मीणा रविवार रात अपने खेत में पहुंचे थे, तभी किसी जहरीले जंतु ने उन्हें काट लिया। सोमवार सुबह छोटे भाई रणजीत मीणा जब खेत पर पंहुचा तो देवीलाल अचेत अवस्था में मिला । परिजन देवीलाल को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित किया । पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# कलेक्टर ने की कृषि उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा, यूरिया सप्लाई की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कृषि एवं उद्यान विभाग की फ्लैगशिप और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर सिंह राठौड़ ने रबी फसल बुवाई, उर्वरक उपलब्धता, फसल बीमा, पीएम-कुसुम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित विभिन्न योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।

कलेक्टर संधू ने निर्देश दिए कि यूरिया खाद की सप्लाई और वितरण की सख्त मॉनिटरिंग की जाए, ताकि कोई कालाबाज़ारी न हो और किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध हो। साथ ही ड्रिप, स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, फार्म पौंड और सोलर पंप जैसे उपकरणों पर अधिक से अधिक किसानों को अनुदान का लाभ दिलाने को कहा। बैठक में सहायक निदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह राठौड़, सहायक निदेशक कृषि कृष्ण गोपाल जाट, इफको प्रतिनिधि लालाराम चौधरी, तथा कृषि विभाग का फील्ड स्टाफ उपस्थित रहा।

# चिकित्सक उत्कृष्ट ब्लॉकों से सीखकर बढ़ाएँ प्रगतिः जिला कलेक्टर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आईएमए हॉल में सोमवार को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले की सभी स्वास्थ्य योजनाओं की ब्लॉकवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। संधू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा और सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर लागू किया जाए। कलेक्टर संधू ने आयुष्मान योजना, टीकाकरण, परिवार कल्याण, टीबी मुक्त भारत अभियान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता सहित प्रमुख कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने एएनसी चेक-अप में पिछड़े ब्लॉकों को सुधार करने, टीबी अभियान में वल्नरेबल आबादी की कवरेज बढ़ाने, सिलिकोसिस मरीजों की पहचान और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जो ब्लॉक उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, उनकी प्रगति से सीख लेकर सभी ब्लॉक अपने प्रदर्शन में तेजी लाएँ। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया।सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करते हुए चिकित्सकों को फील्ड विजिट, नियमित मॉनिटरिंग और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।उन्होंने टीबी मुक्त भारत, निरामया राजस्थान, टीकाकरण और पल्स पोलियो पर विशेष जोर देने को कहा।बैठक में पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ सहित जिलेभर के बीसीएमओ, सीएचसी/पीएचसी प्रभारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस उपाधीक्षक ने ली काछोला में सीएलजी बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



थाना परिसर में सोमवार को कानून-व्यवस्था को लेकर सीएलजी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार डाबरिया ने की। बैठक में थाना प्रभारी सहित सीएलजी सदस्य, ग्रामीण व सामाजिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, क्षेत्र में शांति-सुरक्षा बनाए रखने तथा पुलिस-जन सहयोग को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई । थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि डीएसपी डाबरिया ने ग्रामीणों से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की साथ ही क्षेत्र में सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस-जन सहभागिता से ही अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है ।बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए और पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया । इस दौरान सहायक उप निरीक्षक श्रवण सिंह मीणा ,डॉक्टर एन के सोनी ,संदीप सोनी ,समस्त सिंह सोलंकी ,वासुदेव पालीवाल, भगवान मंत्री ,सत्यनारायण वैष्णव, उमराव सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे

# रंगकर्मी एडवोकेट दीपक पारीक का प्रभावशाली अभिनय हिंदुस्तानी मदारी ने जगाई देशभक्ति की अलख




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**किशन वैष्णव ।** प्रसिद्ध रंगकर्मी व अधिवक्ता दीपक पारीक ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी एकल प्रस्तुति 'हिंदुस्तानी मदारी' से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने वंदे मातरम् के इतिहास, रचना-काल और स्वतंत्रता संग्राम में इसके महत्व को प्रभावी अभिनय के साथ प्रस्तुत किया, जिसने विद्यार्थियों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के मन में देशभक्ति का भाव जागृत कर दिया। प्राचार्य ईश्वरलाल मीणा ने बताया कि पारीक ने गीत के संदेश को सरल भाषा में समझाते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत के अनुसार संगीत, संवाद और अभिनय का उत्कृष्ट संयोजन प्रस्तुति को और प्रभावशाली बना गया। समाज और कानून से गहरा जुड़ाव रखने वाले दीपक पारीक शिक्षा, नशा मुक्ति और संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुमावत ने किया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# फैक्ट्री मालिक ने काम का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में एक महिला के साथ फैक्ट्री में काम दिलाने का झांसा देकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने प्रतापनगर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी फैक्ट्री मालिक पिछले कई दिनों से उसे फोन कर मिलने के लिए दबाव बना रहा था।रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी युवक, जिसके यहां पीड़िता पहले यूनिफॉर्म सिलाई का काम करती थी, ने 13 नवंबर को महिला को बातचीत के बहाने पांसल चौराहे पर बुलाया और वहां से कार में बैठाकर 100 फीट रोड स्थित एक होटल में ले गया। कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर पति व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी।

घटना के बाद आरोपी महिला को वापस पांसल चौराहे पर छोड़कर फरार हो गया। घर पहुंचकर पीड़िता ने पति को पूरी बात बताई और दोनों थाने पहुंचे।थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि महिला की रिपोर्ट पर दुष्कर्म और धमकाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



## QUICK BITES

### सावर के तीन बीएलओ सम्मानित, विशेष पुनरीक्षण में 100% डिजिटाइजेशन पूरा करने पर मिला सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उपखंड क्षेत्र के तीन बीएलओ ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के लिए उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव और विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

सम्मानित बीएलओ में प्रेमराज जाट , कपिल कुमार खत्री और कालू सिंह मीणा शामिल हैं। उपखंड मुख्यालय सावर में तीनों बीएलओ का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। समारोह में उनके सुपरवाइजर सहित उपखंड चुनाव कार्यालय सावर के सभी कार्मिक मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने समयबद्ध एवं सटीक कार्य को निर्वाचन प्रक्रिया की मजबूती का आधार बताते हुए तीनों बीएलओ की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीताराम कुमावत, मनीष पारीक, हंसराज साहू, मनीष आलोरिया और राजेंद्र कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

### पोलियो अभियान के दूसरे दिन घर-घर पहुंचकर नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन वैष्णव)** राजकीय जिला चिकित्सालय में पीएमओ डॉ. अशोक जैन के निर्देशन में चल रहे पोलियो उन्मूलन अभियान के दूसरे दिन सोमवार को चिकित्सा विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन ओपीवी की खुराक पिलाई। यह विशेष अभियान 23 से 25 नवंबर तक चल रहा है। मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. अभय कुमार धाकड़ ने बताया कि दूसरे दिन फील्ड हेल्थ वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नर्सिंग कर्मियों की टीमों ने शहर के सभी वार्डों में पहुंचकर उन बच्चों को दवा पिलाई जो बूथ दिवस पर किसी कारणवश छूट गए थे। प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षा के लिए दो बूंद ओपीवी दी जाती है, जिससे भविष्य में पोलियो वायरस से मजबूत बचाव होता है। डॉ. धाकड़ ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखना और पोलियो मुक्त भारत की दिशा में लगातार प्रयासों को आगे बढ़ाना है। शहरी क्षेत्र में इस अभियान के लिए कुल 25 बूथ टीमें तैनात की गई हैं। अभियान के दौरान सुपरवाइजर अनिल शर्मा, एलएचवी गीता देवी रैगर, हीरा बानू कायमखानी, संजू रैगर, छोटी कोली, मुरलीधर शर्मा सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# नवनियुक्त ईओ प्रकाश ने संभाला बनेड़ा नगर पालिका का कार्यभार

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



बनेड़ा नगर पालिका में नवनियुक्त अधिशाषी अधिकारी प्रकाश कुमार तेली ने पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने पर कार्यालय कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया।कार्यभार संभालने के बाद ईओ तेली ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ बैठक की और कस्बे की भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक व्यवस्थाओं व आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नगर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए टीमवर्क, संयोजन और अनुशासन को प्राथमिकता बताते हुए सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद नव नियुक्त ईओ प्रकाश कुमार तेली ने नगर पालिका प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास से कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर लीला देवी साहू, अधिकारी-कर्मचारी, मित्रगण और परिजन मौजूद रहे।

# हरजीपुरा ग्रामवासियों ने पंचायत पुनर्गठन पर जताई आपत्ति,गांव को गोपालपुरा पंचायत में यथावत रखने की मांग





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम हरजीपुरा के ग्रामीणों ने हाल ही में जारी पंचायत पुनर्गठन को लेकर जिला प्रशासन से आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर भीलवाड़ा एवं एसडीएम बिजौलियां को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि हरजीपुरा को ग्राम पंचायत गोपालपुरा से हटाकर उमाजी का खेड़ा में जोड़ना ग्रामवासियों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने बताया कि हरजीपुरा से ग्राम पंचायत गोपालपुरा की दूरी मात्र 700 मीटर है, जबकि उमाजी का खेड़ा लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में पंचायत बदलने से गांव के लोगों को हर छोटे-बड़े काम के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और पैसों की बर्बादी होगी।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वर्षों से हरजीपुरा गांव प्रशासनिक रूप से ग्राम पंचायत गोपालपुरा के अंतर्गत आता रहा है। पुनर्गठन के दौरान गांव की भौगोलिक स्थिति और दूरी का सही मूल्यांकन नहीं किया गया, जिसके कारण यह त्रुटि हुई है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि हरजीपुरा को पूर्ववत ग्राम पंचायत गोपालपुरा में ही रखा जाए और उमाजी का खेड़ा में शामिल करने के निर्णय को निरस्त किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है ।

# इष्ट देव भगवान झूलेलाल के अपमान पर शाहपुरा में निकली विशाल रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




**(मूलचन्द पेसवानी)।** छत्तीसगढ़ के जेसीपी नेता अमित बघेल द्वारा इष्ट देव भगवान झूलेलाल के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सोमवार को शाहपुरा का सिंधी समाज का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह झूलेलाल मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक निकली विशाल आक्रोश रैली ने पूरे कस्बे में 'जय झूलेलाल' और 'अमित बघेल मुर्दाबाद' के नारों की गूंज भर दी। सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ हुई रैली सिंधी समाज की जबरदस्त एकता और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक बनी। युवा, महिलाएँ, पुरुष और बच्चे सभी वर्गों ने भारी संख्या में भाग लेकर यह संदेश दिया कि इष्ट देव का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रैली का नेतृत्व नवयुवक मंडल सिंधी समाज के अध्यक्ष नरेश तोलानी और पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मोहनलाल लखपतानी ने किया। समाज के अनेक पदाधिकारी और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए । आक्रोश रैली उपखंड अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां समाज प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अमित बघेल पर तुरंत कठोर कानूनी कार्रवाई करने , शीघ्र गिरफ्तार करने एवं धार्मिक भावनाओं का अपमान करने वालों पर सख्त धाराओं में मामला दर्ज करने की माँग की गई ।

पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक बयान का मामला नहीं, बल्कि संपूर्ण सिंधी समाज की आस्था और आत्मसम्मान से जुड़ा मुद्दा है। सिंधी समाज ने साफ चेतावनी दी कि जब तक दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान चेतन चंचलानी, ईश्वर सामतानी, लीलाराम वासवानी, ओम सिंधी, गंगाराम आसवानी, मोहन केवलानी, गोपीलाल सामतानी, जितेंद्र मतलानी, नरेश लखपतानी, चुन्नीलाल आसवानी, संजय कुमार, डॉ. देवेंद्र थानवानी, सनी सामतानी, अमन मतलानी, लकी सामतानी सहित विशाल शामिल रहे ।

# शक्करगढ़ में अमराव महाराज 'निरंजनी' का प्रथम निर्वाण महोत्सव आज से 3 दिसम्बर तक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



**मूलचंद पेसवानी** शक्करगढ़ स्थित श्री संकट हरण हनुमत धाम व श्री संकटमोचन आदर्श गोशाला परिसर में परमहंस संत ब्रह्मलीन अमराव महाराज 'निरंजनी' का प्रथम निर्वाण महोत्सव इस वर्ष 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक परमादर्श महामंडलेश्वर जगदीश पुरी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य रूप से आयोजित होगा। नौ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा, संत समागम, गीता जयंती और 2 दिसम्बर को सद्गुरु अमराव महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा मुख्य आकर्षण रहेंगे। कथा रोजाना 11:30 से 3:30 तथा प्रवचन 3:30 से 5 बजे तक होंगे।

महोत्सव का शुभारंभ 25 नवम्बर को सुबह 11 बजे हनुमत धाम से निकलने वाली विशाल शोभायात्रा के साथ होगा, जो नगर भ्रमण कर गोशाला परिसर पहुंचेगी, जहां दीप प्रज्वलन और कथा का प्रारंभ किया जाएगा। 2 दिसम्बर को सुबह 8:15 बजे मूर्ति प्रतिष्ठा व रात्रि में भजन संध्या आयोजित होगी, जबकि 3 दिसम्बर को श्रद्धांजलि सभा, पुष्पांजलि और पूर्णाहुति भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

कार्यक्रम के दौरान साहित्य और संगीत की विशेष प्रस्तुतियां भी आकर्षण बढ़ाएंगी। 27 नवम्बर को रात 8 बजे कवि बुद्धि प्रकाश दाधीच श्रीबुद्धिप्रकाशम अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे, जबकि 2 दिसम्बर को रात 8 बजे संगीत सम्राट प्रकाश दास महाराज विराट भजन संध्या में भक्तों को भक्ति रस में डुबो देंगे।

देशभर के प्रमुख संत महात्माओं का दिव्य समागम इस महोत्सव को और गरिमामयी बनाएगा। हरिद्वार, काशी, गुजरात, राजस्थान, मुंबई, टोंक, बीकानेर, ओंकारेश्वर और ऋषिकेश सहित कई तीर्थों से प्रतिष्ठित संत पधारेंगे जिनमें आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती महाराज, स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती, स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी, स्वामी रामदयाल, स्वामी अर्जुन राम, स्वामी अनंत देवगिरी, सोहम चैतन्य पुरी, विद्यानंद सरस्वती, आशुतोषानंद गिरी, स्वामी ओमप्रकाश दास, स्वामी विजयानंद पुरी, स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी, स्वामी दिव्यानंद पुरी, महंत सत्यानंद गिरी, स्वामी शेषानंद सहित कई संत शामिल हैं।

श्रीमद्भागवत कथा में 51 यजमान परिवारों की पुण्य भागीदारी होगी। प्रमुख यजमानों में पुष्पा शर्मा, उमा दत्त शर्मा, डॉ. मीनाक्षी-डॉ. जयप्रकाश सोनी, भंवरसिंह राठौड़ परिवार, रामावतार डोडिया, भवानीलाल धाकड़, टीसी चौधरी, संजय निमोदिया, कल्याणसहाय यादव, प्रतापचन्द्र शर्मा, भंवरलाल झंवर, सुरेन्द्र जोशी, किशोर कुमार शर्मा, बहादुर सिंह गुर्जर, गोकुली देवी, विजय मंगल सहित जोधपुर, अहमदाबाद, पाली, भीलवाड़ा, बूंदी, गुजरात, इंदौर, नीमच और मुंबई के अनेक परिवार शामिल रहेंगे।

# नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद बढ़ी मण्डोल ग्राम की समस्याएँ, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

नगर पालिका क्षेत्र के मण्डोल ग्राम के ग्रामीणों ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर पालिका बिजौलियां में शामिल किए जाने के बाद से गांव में विकास कार्य ठप हो गए हैं और मूलभूत सुविधाएँ गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में आने के बाद रोजगार, पेयजल, सफाई, आवास योजनाएँ और आवश्यक सेवाओं में भारी अव्यवस्था पैदा हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पालिका में शामिल होते ही मनरेगा कार्य पूरी तरह बंद हो गए, जबकि मण्डोल के अधिकांश परिवार मजदूरी पर निर्भर हैं। रोजगार रुकने से गरीब परिवारों के सामने आर्थिक संकट बढ़ गया है। पेयजल समस्या भी गंभीर है । गांव की कई विद्युत मोटरें खराब हैं और उनका रखरखाव नहीं हो रहा, वहीं चम्बल का




पानी भी समय पर नहीं मिलने से लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना की 90 दिन की राशि नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद से ग्रामीणों को नहीं मिल रही है, जबकि शहरी आवास योजना का लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। कई परिवारों के एनएफएसए राशन कार्ड बंद हैं और बुजुर्गों की पेंशन भी प्रारंभ नहीं हो पा रही। जन्म-मृत्यु पंजीकरण, विवाह पंजीकरण तथा अन्य आवश्यक कार्यों में भी नगर पालिका कार्यालय में सुनवाई नहीं होने से ग्रामीणों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गांव में सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है और कई जगह गंदगी फैली हुई है। सड़कों और रास्तों की मरम्मत या निर्माण कार्य भी पूरी तरह रुके हुए हैं। इसी तरह ग्राम मण्डोल के प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से बच्चे मण्डोल बांध की तरफ चले जाते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने पक्की बाउंड्री बनाने की मांग रखी। लगभग 200 घरों वाले इस गांव में 90 प्रतिशत परिवार भील, मीणा और मजदूर वर्ग से आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद रोजगार, राशन, पेयजल और सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित होने से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# बिजौलियां के रतन लाल बने दिगंबर मुनि सुतनु सागर

## अहमदाबाद में आचार्य सुनील सागर ने करवाई जैनेश्वरी दीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

स्थानीय श्रावक रतन लाल सोनी ने आध्यात्मिक साधना की ऊँची मंजिल पर पहुँचते हुए अहमदाबाद में दिगंबर जैन मुनि दीक्षा ग्रहण की। लगभग तेरह माह पूर्व क्षुल्लक अवस्था में प्रवेश कर चुके रतन लाल अब मुनि सुतनु सागर बन गए हैं। बिजौलियां के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी श्रावक ने दिगंबर मुनि के रूप में दीक्षा प्राप्त की है। अहमदाबाद के हाटकेश्वर में आयोजित भव्य समारोह में आचार्य सुनील सागर ने उन्हें मुनि पद प्रदान किया। इस दौरान हजारों जैन श्रद्धालु मौजूद रहे। क्षुल्लक अवस्था में वे बीते तेरह महीनों में दो हजार किलोमीटर से अधिक पद-विहार कर मुनि चर्या का पालन करते रहे। दीक्षा के समय आचार्य सुनील सागर ने उनसे अधिक उम्र में मुनि जीवन के पालन, आजीवन वाहन और सूचना साधनों के त्याग को लेकर कुछ प्रश्न किये। रतन लाल ने दृढ़ता के साथ मुनि धर्म और संपूर्ण संयम जीवन का संकल्प दोहराया। उन्होंने मुनि अवस्था में रहते हुए यम संल्लेखना तक चलने की भावना व्यक्त की, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। आचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि रतन लाल सोनी महाराणा प्रताप के ससुराल पक्ष से जुड़े वंश से आते हैं। इस पर क्षुल्लक सुरतन सागर (पूर्व नाम रतन लाल सोनी) ने बिजौलियां में भगवान पार्श्वनाथ की तप, उपसर्ग और केवलज्ञान प्राप्ति से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया और गुरु आज्ञा में जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। जनसमूह की स्वीकृति के बाद जैसे ही उन्होंने वस्त्र त्याग कर मुनि



रूप धारण किया, पूरा पांडाल 'जय हो' और 'धर्म विजय' के जयघोष से गूंज उठा। समारोह में एलक शांतनु सागर जी और ब्रह्मचारी विपिन भाई शाह को भी मुनि दीक्षा प्रदान की गई। इस पावन अवसर पर मुनि सुतनु सागर के परिजन भी उपस्थित रहे।

# एसआईआर प्रपत्र को लेकर घर-घर पहुंचे अधिकारी, मतदाताओं को जागरूक किया

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान के तहत सोमवार को प्रशासनिक टीम ने गांव में घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म भरवाए और मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन किया। टीम ने नए मतदाताओं, स्थानांतरण, त्रुटि संशोधन और पहचान संबंधी विवरण सही देने के लिए लोगों को जागरूक




किया। अभियान में पटवारी आदेश मीना, कृषि प्रवेक्षक मस्तराम मीना, कनिष्ठ लिपिक कांता मीना, बीएलओ परमेश्वर मीना, बालूराम मीना व मुकेश प्रजापत शामिल रहे। पटवारी आदेश मीना ने बताया कि हर मतदाता को एसआईआर फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा करना आवश्यक है। इसमें जन्मतिथि, आधार, मोबाइल नंबर, पिता/अभिभावक का नाम व ईपीआईसी संख्या भरनी होती है। उन्होंने सही जानकारी देने की अपील की और बताया कि फॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध है।

# धानेश्वर में 27 नवंबर को शिव मंदिर व भवन निर्माण का शिलान्यास

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**मूलचंद पेसवानी** । पंचायत समिति क्षेत्र के धानेश्वर फुलियाकला स्थित श्री माहेश सेवा संस्थान आम चोखला धानेश्वर में रविवार को समाज की बैठक अध्यक्ष एस.एन. न्याती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 27 नवंबर को होने वाले शिव मंदिर एवं भवन निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। आर्किटेक्ट विपुल मूंदड़ा भीलवाड़ा ने भवन का नक्शा प्रस्तुत कर संपूर्ण



रूपरेखा समझाई, जिसे समाज ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इसके बाद समाजजनों ने स्थल का निरीक्षण कर जेसीबी मशीन से शिव मंदिर की नींव खुदाई कार्य का शुभारंभ करवाया। बैठक में संरक्षक ताराचंद हेडा, गिरधारीलाल नौलखा, रामकिशन मूंदड़ा (कादेड़ा), रूपचंद पोरवाल, उपाध्यक्ष कैलाशचंद्र सोमानी, सत्यनारायण काबरा (भीमडावास), सचिव कमलेश लड्डा, कोषाध्यक्ष बालकिशन नौलखा, सह सचिव प्रकाश तोषनीवाल, भागचंद आगीवाल, सह कोषाध्यक्ष सत्यनारायण आगीवाल, गुलाबचंद सोमानी (रामपुरा), संगठन मंत्री सुरेश चंद्र पोरवाल सहित कई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

संरक्षक ताराचंद हेडा ने 21 गांवों के आम चोखला माहेश्वरी समाज को शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया और कहा कि समर्पित भामाशाहों के सहयोग से परियोजना शीघ्र पूर्ण होगी।

कार्यक्रम का समापन सचिव कमलेश लड्डा द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# शंभूपुरा-सतकुडिया सड़क बदहाल, धूल और गड्ढों से ग्रामीण बेहाल

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया

**विकास जैन** शंभूपुरा चौराहे से सतकुडिया तक और इसी मार्ग से जुड़े ब्रजपुरा, देरोली, हेमनिवास, आंट, कैरखेड़ा व मोगरवास के ग्रामीण लंबे समय से खराब सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। पूरा मार्ग जगह जगह से उखड़ चुका है। बड़े गड्ढों पर मिट्टी डालकर की गई अस्थायी मरम्मत अब लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। सूखी मिट्टी हवा के साथ उड़कर धूल का गुबार बनाती है, जिससे शंभूपुरा के दुकानदारों और राहगीरों को गंभीर परेशानी हो रही है।

दुकानदार मुकेश व रमेश ने बताया कि लगातार उड़ती धूल के कारण लोगों में सांस, एलर्जी, दमा, आंखों में जलन और सीने में भारीपन जैसी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। दुकानों में धूल की मोटी परत जमने से कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

हल्की बारिश होते ही यही मिट्टी कीचड़ में बदलकर सड़क पर फिसलन पैदा



कर देती है, जिससे बाइक सवारों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। सड़क के आस-पास स्थित खनन क्षेत्र के कारण डम्पर, लोडर व ट्रैक्टरों की आवाजाही से धूल का गुबार और भी बढ़ जाता है, जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि खननकर्ताओं द्वारा टैंकर से सड़क पर नियमित पानी छिड़काव करवाया जाए, ताकि धूल की समस्या से राहत मिल सके। साथ ही क्षेत्रवासियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है।

## QUICK BITES

# बालिका विद्यालय फूलियाकलां की छात्राओं ने फिर रचा इतिहास

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा





**(किशन वैष्णव)** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2024 का परिणाम 21 नवंबर को घोषित किया गया। परिणामों में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, फूलियाकलां की छात्राओं ने एक बार फिर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए जिले में शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया।विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल जाट ने बताया कि छात्रा साहिबा बिसायती ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं छात्रा नवरत्ला कुम्हार ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी इसी विद्यालय की एक छात्रा ने वर्ष 2021 और 2022 में लगातार दो वर्षों तक जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता का डंका बजाया था। गाँव एवं विद्यालय परिवार में इन उपलब्धियों से हर्ष की लहर है।

# खामोर गाँव में 10 केवी का ट्रांसफॉर्मर चोरी,अंधेरे में डूबे 3 मोहल्ले

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन वैष्णव)** खामोर गाँव में बीती रात अज्ञात चोर ग्राम पंचायत भवन के पीछे खंभे पर लगे 10 केवी के ट्रांसफॉर्मर को चोरी कर ले गए। यह ट्रांसफॉर्मर लगभग तीन माह पहले ही लगाया गया था।इस चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। ट्रांसफॉर्मर चोरी होने से तीनों मोहल्लों में रात भर बिजली गुल रही और ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी।सुबह ग्रामीणों ने बिजली बंद होने का कारण जानने के लिए मौके पर जाकर देखा तो ट्रांसफॉर्मर गायब मिला। तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी गई।स्थानीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को वारदात की जानकारी दी ,वही लाइनमैन बलवंत ने बताया कि वारदात की जानकारी उच्च अधिकारियों एवं पुलिस को दे दी गई है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# चार मील चोराहे से दौलतपुरा मार्ग खस्ताहाल, गड्ढों से हादसे की आशंका


भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन वैष्णव)** शहर से भीलवाड़ा मार्ग पर चारमील चोराहे से दो किलोमीटर दौलतपुरा तक सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। मार्ग पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है।इसी मार्ग से चार मील गांव से स्कूल के बच्चे पढ़ने जाते हे व धार्मिक स्थल चलानिया भेरु नाथ के हर शनिवार रविवार को हजारो यात्री आवागमन के लिए नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं, बावजूद इसके आज तक किसी ने सड़क की मरम्मत या सुधार की दिशा में ध्यान नहीं दिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीण नारायण लाल ने बताया की कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों की वजह से असंतुलित होकर चोटिल हो गए है ।

# डॉ. प्रवीण तोगड़िया 7 दिसंबर को आएंगे सवाईपुर हरी बोल प्रभात फेरी का भी होगा आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया 7 दिसबंर को सवाईपुर का प्रवास पर रहेंगे, दोपहर 1 बजे सवाईपुर पहुंचेंगे, राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाअध्यक्ष अनिल कुमार साहू के नेतृत्व मे रास्तों में कई जगह स्वागत किया जाएगा । जिला अध्यक्ष साहू के निवास पर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा जहां स्वागत सत्कार किया जायेगा, यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया सभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद भोजन व विश्राम का कार्यक्रम रहेगा तथा जिसमें संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित होंगे । इस दौरान हरी बोल प्रभात फेरी का आयोजन भी होगा, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों की प्रभात फेरी की मंडलियां पहुंची ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।